दिनांकः 04.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों को लेकर की बैठक–कहा–समिट से प्रदेश में खुलेंगे निवेश के नए द्वार।

- राज्य के 11 आर.ए.एस. अधिकारियों की आई.ए.एस. में पदोन्नति।

- पेरिस पैरालिम्पिक्स में भारत के पदकों की कुल संख्या हुई 20–पैरालिंपिक के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।

- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश का दौर–जलाशयों में बनी हुई है पानी की आवक।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहे 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट–2024' प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलेगी। श्री शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में समिट की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि समिट के माध्यम से निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक विकास क्षमता से रूबरू होने के साथ–साथ विकसित राजस्थान की यात्रा में मजबूत साझेदार बनने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिये। रोड–शो और अन्य निवेश संबंधी गतिविधियों को लेकर विभागों में समन्वय के साथ नोडल अधिकारी नियुक्त करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट में बड़े निवेशकों को लाने के लिए राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोड–शो आयोजित कर रही है। 9 और 10 सितम्बर को साउथ कोरिया तथा 11 से 13 सितम्बर तक जापान में रोड–शो, वन–टू–वन मीटिंग और एमओयू प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राज्य सरकार यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई देशों में भी इस तरह का आयोजन करेगी। बैठक में उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

000

सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का कल जयपुर के बिरला सभागार में नागरिक अभिनन्दन किया गया। राज्यपाल नियुक्त होने के बाद पहली बार जयपुर आए श्री माथुर का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री माथुर ने कहा कि राज्यपाल का पद संवैधानिक पद होने के साथ ही जनता की सेवा करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के साथ ही देश के नागरिक भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर राष्ट्र सेवा में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहे।

000

राजस्थान प्रशासनिक सेवा–आर.ए.एस. के 11 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा–आई.ए.एस. में पदोन्नती दी गई है। केन्द्रीय कार्मिक विभाग की सूची के अनुसार इनमें शाहीन अली, आकाश तोमर, अरूण कुमार, मनीष गोयल, मातादीन मीणा, कमलराम मीणा, केसरलाल मीणा, हिम्मद सिंह बारहठ,

पुरुषोत्तम शर्मा, देवाराम सैनी और अजय असवाल शामिल हैं। आरएएस से आईएएस बने अधिकारियों को राजस्थान का कैडर दिया गया है।

000

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सभी रेंज एडीजी पुलिस विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में कल एडीजीपी हाउसिंग बिनीता ठाकुर और जयपुर रेंज आईजी अनिल टांक ने कोटपूतली बहरोड़ जिले में समीक्षा बैठक की। जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि बैठक में महिला अपराध की रोकथाम को लेकर विशेष चर्चा की गई और इनमें कमी लाने पर विचार किया गया।

000

खबरें पेरिस पैरालिंपिक्स की –

पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने कल 5 पदक जीते, इसके साथ ही पदकों की कुल संख्या 20 हो गई है, जो पैरालिंपिक के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक में पदक विजेताओं को फोन पर बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत को अपने एथलीटों पर गर्व है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 के टोक्यो पैरालिंपिक्स में था, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते थे।

कल दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी–20 दौड़ में कांस्य, शरद कुमार ने रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद – टी–63 में कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में अजीत सिंह ने रजत और सुंदर गुर्जर ने कांस्य पदक हासिल किया। सातवें दिन आज भी भारतीय दल कई स्पर्धाओं में भाग लेगा।

000

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर राज्यभर में लोगों में उत्साह का माहौल है। भरतपुर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में आयोजित होने वाले उत्सव की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। शहर में 100 से अधिक मंदिरों, ट्रस्टों और करीब चार हजार से ज्यादा घरों में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। 7 सितम्बर को मनाए जाने वाले गणेश महोत्सव के लिए करीब ढाई लाख मोदक बनवाए जा रहे हैं जिनका भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया जाएगा।

............

सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। यहां लगने वाले मेले को लेकर राजस्थान रोडवेज पचास बसें संचालित करेगा। अजमेर में गणेश उत्सव पर तीन सौ से ज्यादा सार्वजनिक स्थानों पर छोटे बड़े पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इस बार पंडालों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश का दौर बना हुआ है। राजधानी जयपुर में कल शाम को मूसलाधार बरसात हुई। इसके बाद रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। अजमेर में कल दिनभर की उमस के बाद शाम को तेज हवा के साथ करीब आधा घंटे तक तेज बारिश हुई। भीलवाड़ा में रातभर रिमझिम वर्षा का सिलसिला जारी रहा। अच्छी बारिश से नदी और तालाबों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। कल मांडलगढ़ क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से जेतपुरा बांध का जल स्तर बढने से बांध के चार गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। बांसवाड़ा के माही बांध के नौ गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। सवाईमाधोपुर में कल रात से बादल गरजने के साथ शुरू

हुआ रिमझिम बरसात का दौर रुक–रुक कर जारी है। हनुमानगढ़ में कहीं झमाझम, तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। वहां आज भी बादल छाए हुए हैं। वहीं पश्चिमी जिलों में भी अच्छी बारिश हो रही है। पाली शहर में रात को हुई मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। जैसलमेर में आज सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं।

जिले के पोकरण, नाचना, मोहनगढ़, तनोट और रामगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। बालोतरा जिले की कई तहसीलों में देर रात मूसलाधार बारिश हुई। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि कल शाम शुरू हुआ बरसात का दौर देर रात तक जारी रहा। दिन में भी ज़िले के कई इलाक़ों में जमकर बादल बरसे।

000